FA	1

राज्य स्तरीय आकलन

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : 1 **विषय :** गणित

Paper Code : **1031** **पूर्णांक :** 10

निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड अ

(अंक 05)

LO-M-101-विभिन्न वस्तुओं को भौतिक विशेषताओ, जैसे –आकृति, आकार तथा अन्य अवलोकनीय गणों, जैसे – लुड़कना, खिसकना के आधार पर समूहों मे वर्गीकृत करते हैं।

गतिविधि – 01 गणित के खेल

1. कक्षा के प्रत्येक बच्चे से उनका एक–एक खिलौना मँगवाएँ, जिनसे वे घर में खेलते हैं। (गुड़िया, लकड़ी के टुकड़े, कंचे, पत्थर, पहिया आदि)
2. प्रत्येक बच्चे से उसके खिलौने की विशेषता लुढ़कने/सरकने के आधार पर स्वयं के खिलौने से करके, सोचने को कहेंगे।
3. बच्चों को अपने खिलौने जैसी विशेषता अन्य बच्चों के खिलौने में खोजने कहें।
4. इस प्रकार कक्षा दो समूह में होंगे जिसमें पहला लुढ़कने और दूसरे सरकने वाला खिलौने का समूह होगा।

गतिविधि – 02 कौन–सी वस्तु लंबी

1. कक्षा के सभी बच्चों को 05–05 के समूहों में बाँटें। (अपनी सुविधानुसार समूह बनायें)
2. प्रत्येक समूह के बच्चों को अपनी–अपनी पेंसिल अपने समूह में मिलाने को कहें।
3. प्रत्येक समूह को पेंसिल छोटे से बड़े के क्रम में रखने को कहें।
4. उक्त गतिविधि को समूह के प्रत्येक बच्चे से कराएँ।

गतिविधि – 03 गिनो और लिखो

1. कक्षा के बच्चों को 05–05 के समूहों में बाँटें। कक्षा में कम बच्चें होने की स्थिति में प्रत्येक बच्चे से गतिविधि कराएँ।
2. प्रत्येक समूह के लीडर/बच्चों को शाला प्रांगण से कुछ वस्तुएँ जैसे – पत्ते, कंकड़, लकड़ी के टुकड़े, बीज आदि–आदि लाने को कहें।
   (ध्यान रहे बच्चे इस गतिविधि में 09 से अधिक वस्तुएँ ना लायें, यदि लाते हैं तो, आप स्वंय उन्हें कम कर दें।
3. प्रत्येक समूह/बच्चे से अपनी लीडर द्वारा लाई हुई वस्तुओं को गिनने को कहें।
4. प्रत्येक समूह से अपनी गिनी हुई संख्या को नीचे तालिका में अंकों में लिखने को कहें।

समूह/बच्चे का नाम	वस्तुओं की संख्या
1 2 3	

खण्ड ब

(अंक 05)

LO-M-102-1 से 20 तक की संख्याओ पर कार्य करते हैं।

गतिविधि – 01 मिलाकर गिनो

1. कक्षा के बच्चों को पाँच–पाँच के समूहों में बाँटें अथवा अपनी सुविधानुसार समूह बनाऐं।

2. प्रत्येक समूह के दो बच्चों को शाला प्रांगण से कुछ वस्तुएँ यथा कंकड़, पत्ते, लकड़ी के टुकड़े आदि लाने को कहें। (ध्यान रहे कि उन वस्तुओं की संख्या 9 से अधिक न हो, यदि अधिक हो रहा हो, तो आप स्वयं कम कर दें)
3. प्रत्येक समूह के दोनों बच्चों द्वारा लाई गई वस्तुओं को मिला दें।
4. प्रत्येक समूह से उन वस्तुओं को गिनने को कहें।
5. प्रत्येक समूह से प्राप्त संख्या को अंकों में लिखने को कहें।

गतिविधि – 02 मिलाओ पैसा बताओ

1. कक्षा के बच्चों को 05–05 के समूह में विभाजित करें या अपनी सुविधानुसार समूह निर्माण करें।
2. प्रत्येक समूह को 01, 02 व 05 रुपये के नोट इस प्रकार बाँटें कि उनका कुल योग 20 रुपये से ज्यादा ना हो। प्रत्येक समूह के नोटों का मूल्य समान न हों।
3. प्रत्येक समूह को प्राप्त रुपयों का कुल मूल्य ज्ञात करने को कहें।
4. कुल मूल्य की संख्या को प्रत्येक समूह से अंकों में लिखने को कहें।

गतिविधि – 03 मुट्ठी खोलो चीजें गिनो

1. कक्षा के प्रत्येक बच्चे से उनकी मुट्ठी भर–भर के कंकड़ मँगायें।
2. अब प्रत्येक बच्चे से उनके लाये कंकड़ों से ढेरी बनाने को कहें।
3. नियम बतायें कि प्रत्येक ढेरी में 10 कंकड़ ही रखने हैं।
4. अब प्रत्येक बच्चे को अपनी ढेरी की संख्या और खुले कंकड़ गिनने को कहें।

ढेरी की संख्या	**खुले कंकड़**

उक्त तालिका को प्रत्येक बच्चे से पूरा करावयें।